आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

देश कल अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे क्षेत्रीय भाषा में प्रसारित करेगा। संबोधन, दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी बारी बारी से हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

****

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। इसके बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर पदयात्रा लोकभवन तक पहुंची। लोकभवन में पहुंचने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाजन विभीषिका की त्रासदी पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि जो दृश्य 1947 में देखने को मिला था, वही दृश्य आज बांग्लादेश में देखने को मिल रहा है। डेढ़ करोड़ से ज्यादा हिन्दू अपनी अस्मिता को बचाने की गुहार लगा रहे हैं। मगर कथित सेक्यूलरिस्ट के मुंह सिले हुए हैं। क्योंकि उन्हें भय है कि उनके मुंह से एक भी शब्द निकला तो इनका वोट बैंक खिसक जाएगा। इसी क्रम में प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन कर विभाजन की त्रासदी को झेलने वाले परिवारों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई। महाराजगंज में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि आज उन्हें याद करने का दिन है, जिनका जीवन बंटवारे की बलि चढ़ गया।

उधर, गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय से संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में आयोजित व्याख्यान के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की आर्यभट्ट इकाई के स्वयंसेवकों ने एकता, प्रेम और सद्भाव का संकल्प लिया। भदोही में विभाजन की विभीषिका पर एक संगोष्ठी और एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उन्नाव में कलेक्ट्रेट से जीआईसी ग्राउण्ड तक 500 व्यक्तियों के साथ जिलाधिकारी ने मौन जुलूस निकाला। इसी क्रम में अयोध्या, वाराणसी, देवरिया, मऊ में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

****

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में तिरंगा यात्रा निकालकर आमजन को स्वतंत्रा दिवस के जश्न में शामिल होने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस कड़ी में आज वाराणसी में उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत अपने–अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज को अवश्य लगाए जाने की लोगों से अपील की है। उन्होंने अपने विधायक निधि से बनवाये गये पुलिस लाइन परिसर के पास पांचवें राष्ट्रीय ध्वज स्थल का बुधवार को लोकार्पण कर देश की आन–बान– शान का प्रतीक 100 फीट के राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। उधर, गोरखपुर, जौनपुर, भदोही, अमरोहा समेत विभिन्न जनपदों में तिरंगा यात्रा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

****

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा है कि सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में यूपी देश में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में है। प्रदेश में 3840 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता के 09 सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही है। इसमें से 528 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। श्री शर्मा ने कहा कि सौर ऊर्जा की प्राकृतिक संभावना वाले सर्वश्रेष्ठ चार राज्यों राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश के पश्चात उत्तर प्रदेश देश में पांचवें स्थान पर है, जहां पर सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 17 अगस्त को वाराणसी का दौरा करेंगे। अपने एक दिवसीय यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद ओलम्पियन ललित उपाध्याय को सम्मानित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के अलावा गतिशील विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के आगमन का संकेत मिलते ही प्रशासनिक अफसर तैयारियों में जुट गए हैं।

****

कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के विरोध में आज बस्ती के गुरु वशिष्ठ स्वायत्तशासी चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकों ने कैली अस्पताल पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। मामले की सीबीआई के तहत विधिवत जांच कराया जाए। उक्त घटना में केवल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उक्त प्रकरण दुष्कर्म न होकर सामूहिक दुष्कर्म है। इसके लिए केंद्र सरकार को मामले में दखल देते हुए प्रकरण की विशेष जांच कराई जाए।

****

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में आज लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जहां कुछ देशों के झंडे पर चांद है, वहीं हमारा झंडा आज चांद पर हैं। हमारे देश का तिरंगा झंडा धरती से लेकर गगन तक फहराता हुआ दिखायी दे रहा है।जल शक्ति मंत्री ने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों के कौशल और परिश्रम से भारत ने असम्भव को सम्भव कर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को जो मेहनत की है, उससे देश का हर देशभक्त नागरिक गौरवान्वित होता है।

****